कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।

Phone No. 05965/230375- Fax No.230180 Email- dfo.champawat@rediffmail.com

पत्रांक 3044 / 12-1 दिनांक , चम्पावत 08/01/ **2024**

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
लोहाघाट।

विषय – जनपद चम्पावत में विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट विकासखण्ड बाराकोट के अन्तर्गत सुतेडा जमरेडी व क्रान्तेश्वर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.760 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के संबंध में। [Online No-FP/UK/ROAD/42256/2019]

सन्दर्भ :– भारत सरकार की पत्र संख्या 8बी/यू0सी0पी0/06/83/2022/एफ0सी0/1352 दिनांक 12.01.2023 एवं आपकी पत्र सं0 1126/20 सी0 दिनांक 27.07. 2023।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण इस कार्यालय को 26.12.2023 को आनलाईन प्राप्त हुआ है। जिसका अवलोकन करने पर पाया गया कि भारत सरकार द्वारा संदर्भित पत्र में दिये गये निर्देशों के बिन्दु संख्या 1 एवं 4 में के0एम0एल0 फाईल में स्वीकृत समरेखण, वैकल्पिक समरेखण एवं लाभान्वित ग्राम दर्शाने एवं उक्त को ही डिजीटल मैप एवं जियोरेफरेन्स मैप में भी दशाने हेतु निर्देशित किया गया है। परन्तु आपके द्वारा अपलोड की गई के0एम0एल0 फाईल में वैकल्पिक समरेखण एवं लाभान्वित ग्राम नहीं दर्शाये गये हैं तथा उक्त का जियारेफरेन्स मैप भी उपलब्ध नहीं कराया गया है।

उक्त के क्रम में भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार के0एम0एल0 फाईल एवं मैप तैयार कर आनलाईन अपलोड तथा इस कार्यालय को हार्डकापी में 5 प्रतियों में प्रति उत्तर सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें। आपके द्वारा पूर्व में प्रेषित हार्डकापी मूल में वापस लौटाई जा रही है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार 5 प्रतियों में।

भवदीय,

Randpal

प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग,चम्पावत।

पत्रांक 3044/12-1 **तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपि– जिलाधिकारी चम्पावत को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग,चम्पावत।